Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 30-07-2022 | अंक 300

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### दो बाइक की टक्कर में एक घायल



बरही थाना अंतर्गत पटना रोड में स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक शनिवार को हुई दो बाइक की आपसी टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति विनय रजक उम्र 40 वर्ष पिता डेगन रजक ग्राम टोइया चौपारण निवासी है। घायल व्यक्ति को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज किया गया।

APEM LIVE

# बिना नंगा बिजली तार बदले श्रीनगर में मीटर लगा रहे विद्युत कर्मियों का ग्रामीणों ने किया विरोध

## जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव सूचना पर पहुंचे श्रीनगर,विद्युत अधिकारियों को बुला ग्रामीणों के साथ कराई बैठक, बनी सहमति

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरसोत पंचायत के श्रीनगर गांव में जर्जर नंगा तार को बदले बिना विद्युत विभाग की ओर से बिजली मीटर लगाए जाने का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया । ग्रामीणों ने मीटर लगाने का विरोध करते हुए इसकी सूचना जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं मुखिया मोतीलाल चौधरी को दी और समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव श्रीनगर गांव पहुंचे और जनता की समस्याओं से अवगत हुए । ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए उन्होंने बिजली विभाग के एसडीओ एवं कनीय अभियंता को श्रीनगर पहुंचने का निर्देश दिया । निर्देश के आलोक में एसडीओ सौरभ लिंडा एवं कनीय अभियंता अभिषेक आनंद श्रीनगर गांव पहुंचे । ग्रामीणों की मांग पर यह सहमति बनी कि जब तक नंगा बिजली तार बदला नहीं जाएगा तब तक बिजली विभाग मीटर नहीं लगाएगा। मौके पर ही एसडीओ सौरव लिंडा ने ग्रामीणों की मांग मानते हुए आश्वस्त किया कि 15 दिनों के अंदर सभी जर्जर नंगा तार को बदलकर केबल तार लगाया जाएगा। उसके बाद ही बिजली मीटर हर घर में लगेगा। जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बताया की ग्रामीणों की मांग जायज थी । इसलिए उन्होंने पहल करते हुए ग्रामीणों एवं बिजली विभाग के बीच समन्वय बनाकर मामला को शांत कराया। दोनो ओर से सहमति बन गयी है। मौके पर मुखिया मोतीलाल चौधरी, सुरेंद्र यादव, कृष्ण मोहन यादव, कालीचरण यादव, मनोज यादव, प्रकाश यादव,इंद्रदेव यादव, देवेंद्र यादव, आशीष कुमा ῾, पवन कुमार,अर्जुन यादव, मोहन यादव, रामचंद्र यादव,रमजान मियां, मुस्तकीम अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।



ग्रामीणों के साथ बैठक करते किशुन यादव एवं विद्युत विभाग के अधिकारी




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## निजी विद्यालय संघ की बैठक में हुई 17 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा, सभी ने सराहा

### बासुदेव यादव को कोषाध्यक्ष एवं कमलेश यादव को मिली ग्रामीण मीडिया प्रभारी का दायित्व

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बैठक में शामिल निजी विद्यालय संघ के लोग

निजी विद्यालय संघ बरही की एक समीक्षात्मक बैठक प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव एवं संचालन सचिव नितेश कुमार एवं उपाध्यक्ष सुनील कुमार दत्ता ने किया। बैठक में पिछले 17 जुलाई को टाउन ह०ल बरही में जैक 10 वीं बोर्ड में सफल विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम की समीक्षा की गई । समीक्षा के दौरान सभी ने कार्यक्रम को बेहतर एवं ऐतिहासिक बताया। सभी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने से निजी विद्यालय के बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होगी और वह अपनी ओर से बेहतर करने का प्रयास करेंगे । बैठक में बासुदेव यादव को कोषाध्यक्ष एवं कमलेश यादव को ग्रामीण मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया। अध्यक्ष मिथलेश कुमार यादव ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम से ग्रामीण क्षेत्र के निजी विद्यालयों को भी अपनी एक खास पहचान बनेगी। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है । उनकी प्रतिभा को निखारने में निजी विद्यालय संघ कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा । उपाध्यक्ष सुनील कुमार दत्ता ने कहा की निजी विद्यालय संघ बरही में एक जाना पहचाना संगठ्न बन गया है।। निजी विद्यालय के संचालकों के माध्यम से चलाया जाने वाला यह संगठ्न भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा ।नितेश कुमार ने कहा की निजी विद्यालय संघ भविष्य में भी अपनी ओर से बेहतर कार्यक्रम करने का प्रयास करता रहेगा। प्रतिभावान बच्चो को मंच प्रदान करता रहेगा। बैठक में संघ के अध्यक्ष मिथलेश यादव, उपाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार दत्ता, नवनियुक्त कोषाध्यक्ष बासुदेव प्रसाद, ग्रामीण मीडिया प्रभारी कमलेश यादव ,संरक्षक राजेश केसरी, सचिव नितेश साव, सह सचिव दिनेश यादव, मीडिया प्रभारी सुधीर चंद्रा, सुधाकर यादव ,कमलेश यादव, विजय यादव, रोहित यादव ,संतोष यादव ,शशि कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मुखिया संघ का बैठक संपन्न, बरही प्रखंड को सुखाड़ घोषित करने का किया मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड परिसर में स्थित सभागार में शनिवार शाम में मुखिया संघ का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय व संचालन गोविंद साहू ने किया। बैठक में शामिल सभी ने बारी बारी से अपनी बातो को रखा। वहीं संघ के अध्यक्ष विजय यादव ने कहा की इस बार जो बारिश होनी चाहिए थी नही हुई। जिसके कारण किसानों का खेती का काम पूर्ण रूप से बंद है। जिसको देखते हुए उन्होंने राज्य सरकार से मांग किया बरही प्रखंड सहित हजारीबाग जिला को सुखाड़ घोषित कर किसानो को रोजगार दे। साथ ही साथ उन्होंने कहा की पानी के अभाव में धान का बिचड़ा भी पूरी तरह से नष्ट हो गया है। क्षेत्र में बारिश न होने से किसान परेशान है उनके समक्ष विकट परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। जिसको देखते हुए उन्होंने राज्य सरकार से बरही प्रखंड को अविलंब सुखाड़ घोषित करने का मांग किया है। अंत में उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया की एक एकड़ में तीन हजार का मुआवजा जो राज्य सरकार दे रही है। उसे बढ़ाकर दस हजार किया जाए। मौके पर अध्यक्ष विजय यादव, सचिव गोविंद साहू, खोड़ाहर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, गौरियाकरमा मुखिया प्रतिनिधि राजन यादव, कोनरा मुखिया यशमीन तबस्सुम, दुलमहा मुखिया नारायण यादव, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, रानीचुवा मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुड्डू मुख्य रूप से मौजूद थे।

## भाजपा बरही विधान सभा मे स्थानीय को बनाए अपना उम्मीदवार, नही तो होगी दुर्गति : गणेश यादव

### भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में विधानसभा की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बैठक में शामिल भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता

भारतीय जनता पार्टी से जुड़े बरही विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं की बैठक उजैना स्थित रेस्टोरेंट में हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह एवं संचालन सांसद प्रति. निधि गणेश यादव ने किया। बैठक में विधान सभा के वरिष्ठ नेता एव विधान सभा प्रत्याशी रहे भुनेश्वर यादव भी मौजूद रहे। बैठक में बरही विधानसभा की राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की गई। गहन विचार विमर्श करने के बाद सभी ने एक स्वर से माना कि वर्तमान समय में बरही विधानसभा में जो भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक स्थिति है तथा संगठन की ओर से जो निर्णय लिए जा रहे हैं ,वह सही एव पार्टी के हित मे नही है। गणेश यादव ने कहा कि हमेशा चुनाव के वक्त अन्य पार्टी राजनीतिक कार्यकर्ता एवं नेता शामिल होते हैं और चुनाव के बाद संगठन को हमेशा तोड़ने का काम करते हैं। अम्बिका सिंह ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की शीर्ष नेतृत्व बरही विधानसभा में स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को तरजीह नहीं देती है। जिसका परिणाम है की पार्टी को हार का सामना करना पड़ता है। चर्चा पर सभी लोगों में आम राय बनी कि अगला विधानसभा चुनाव किसी स्थानीय उम्मीदवार को होना जरूरी है। अब तक बाहरी उम्मीदवार सिर्फ सत्ता प्राप्त कर नीजी स्वार्थ के लिए स्थानीय लोगों को ठगने का काम किया है।अब स्थानीय लोग भी इन सबों के चाल चरित्र से उब चुके हैं। वर्तमान समय में स्थानीय लोग बदलाव देखना चाहते हैं। अब देखना यह है आने वाले समय में स्थानीय लोग परिवर्तन करते हैं या नहीं। स्थानीय लोग भी बदलाव देखना चाहते हैं। उपस्थित लोगों ने शीर्ष नेतृत्व से बरही विधानसभा के लिए स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाने की मांग की। बैठक में बरही पूर्वी सांसद प्रतिनिधि डोमन पाण्डेय,बरही पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव , वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह, वरिष्ठ नेता भुनेश्वर यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गिरि, लक्ष्मी सिंह, कोल्हुआ कला पंचायत समिति सदस्य प्रभु यादव, प्रमोद यादव आदि लोग मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## चोर गिरोह का पर्दाफाश, पाँच चोर गिरफ्तार, चोरी का ट्रक बरामद, मामले का त्वरित उद्भेदन

### बरही डीएसपी ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस, बारा से चोरी हुवा था ट्रक, बिहार से हुवा बरामद





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

बीते गुरुवार रात्रि जीटी रोड स्थित महूदी बारा के पास एक ट्रक संख्या एनएलओआईके -3821 एवं उस पर लदे लकड़ी को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले जाने का उद्भेदन चौपारण पुलिस ने महज 24 घण्टे के अंदर कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ज्ञात हो कि इस संदर्भ में आवेदक महूदी बारा निवासीशवंत सिंह पिता कामख्या सिंह से प्राप्त लिखित आवेदन के आधार पर चौपारण थाना कांड संख्या 216/22 के तहत मामला दर्ज कर हजारीबाग एसपी के निर्देशानुसार पर बरही डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प महज 24 घंटे के अन्दर काण्ड का उदभेदन कर चोरी गई ट्रक एवं उस पर लदे लकड़ी को पालीगंज थाना, अरवल बिहार से बरामद किया गया एवं इस अपराध में संलिप्त अन्त. र्राजीय गिरोह के पाँच अपराधी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अपराधियों में ओम प्रकाश कुमार उर्फ बाडू उम्र 24 वर्ष, जहानाबाद , विकाश कुमार उम्र 25 वर्ष पिता विजय प्रसाद पटना, सौरभ कुमार उम्र 20 वर्ष पिता स्व बसंत यादव जहानाबाद, नितिश कुमार उम्र 19 वर्ष पिता अनिल यादव जहानाबाद, उत्तम कुमार उम्र 25 वर्ष पिता रामाशिष यादव पटना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**कैसे हुवा मामला का उद्भेदन**

बताया जाता है कि गाड़ी चोरी की सूचना के बाद ट्रां. सपोर्टर और मालिक हरकत में आये और बिहार के लगभग लकड़ी डिपो में लकड़ी सहित वाहन चोरी होने की सूचना दे दिया गया। चोर गिरोह के दो चोर लकड़ी बेचने के लिए सैम्पल लेके गए थे तभी डिपो मालिक ने उक्त बातो की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। स्थानीय पुलिस ने इसकी सूचना चौपारण पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची बिहार पुलिस व चौपारण पुलिस ने चोरों को धर दबोचा।

**छापामारी दल में ये थे शामिल**

छापेमारी दल में जगलाल मुण्डा पु0नि0 बरही अंचल , पु0अ0नि0 शम्भू नन्द ईश्वर थाना प्रभारी चौपारण, प0अ0नि0 अमित कुमार चौपारण थाना, अरविन्द हरेन्ज चौपारण थाना, स0अ0नि0 सचिदानन्द राय चौपारण थाना व सशस्त्र बल चौपारण थाना शामिल थे। वहीं काण्ड में प्रयुक्त बलेनो कार वाहन संख्या बीआर 01ईडब्लू 8035 विभिन्न कम्पनी का मोबाईल 06 पीस को भी जपत किया गया ।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में पुष्प व्यवस्था प्रतियोगिता का किया गया आयोजन





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत में संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को शिशु ज्ञान समिति द्वारा पुष्प व्यवस्था प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम से लेकर दशम तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थी खास थीम पर फूलों की व्यवस्था की इस प्रतियोगिता ने छात्रों के रचनात्मक कौशल और कल्पना को उजागर किया। इस प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप से नेहा ग्रुप और श्रुति ग्रुप कक्षा दशम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवम से अंशु ग्रुप और रानी ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा दशम से अमित ग्रुप कक्षा सातवां से मो आसिफ ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर सेक्शन से कार्यक्रम नेहा ग्रुप कक्षा पांचवां और कक्षा तृतीय से अमन ग्रूप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा चतुर्थ से शिवांगी ग्रुप और कक्षा पांचवा से सूरज ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, एवं कक्षा द्वितीय से रोहित ग्रुप और परी ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में उप. स्थित विद्यालय के प्राचार्य महोदय नितेश कुमार ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को देखकर उनकी प्रशंसा की और उन्होंने बच्चों के मंगल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि फूलों की व्यवस्था कलात्मक व्यवस्था के साथ फूलों की सुंदरता बढ़ाना फूलों की व्यवस्था की कला है। कार्यक्रम में उपस्थित निदेशक टुकलाल साहू ने बच्चो को इस तरह के प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय के सलाहकार राजेंद्र प्रसाद, विभा शर्मा अजय कुमार, नरेश कुमार, अमर प्रकाश रवि, मोहम्मद दाऊद, सरिता कुमारी, डिंपल कुमारी, कोमल कुमारी, प्रियंका कुमारी, कल्पना कुमारी, सरिता कुमारी एवं शीला कुमारी आदि ने बच्चो ने अपना अहम योगदान दिया।

## पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही में अल्ट्रासाउंड सेंटर का किया शुभारंभ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही धनबाद रोड में स्थित बकरी बाजार में शनिवार को बरही अल्ट्रासाउंड सेंटर का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज यादव, सिविल सर्जन सरयू प्रसाद, जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी क्षेत्र के जीप सदस्या प्रीती कुमारी, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू एवं सदर विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार यादव ने कहा की बरही में इस सेंटर को खुलने से बरही के लोगो को किसी भी प्रकार की चेकअप करवाने में सहूलियत होगी। वहीं संचालक भूपेंद्र सिंह ने कहा की इस सेंटर में भ्रूण का परीक्षण नही किया जायेगा। वहीं अल्ट्रासाउंड के डॉ वेद प्रकाश ने बताया की हमारे इस सेंटर में 4डी अल्ट्रासाउंड, कॉलर, डॉ पलर, स्मॉल पाट्र्स सोनोग्राफी, ओव्यूलेशन स्टडी एवं इको कैरिडोग्राफी इत्यादि की जांच उचित दर पर बेहतर तरीके से अनुभवी चिकित्सको के द्वारा की जाएगी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सुरेंद्र रजक, नरेंद्र गुप्ता, सुरजीत नागवाला, प्रमोद सिंह, रंजीत चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, रितेश गुप्ता, आकाश राज देवधारी चंद्रवंशी, कुलदीप सिंह, सुनील शेखर, महेश सिंह, दीपक गुप्ता, ज्योतिष यादव, अरविंद कुमार, महेश कुमार, अनुज रविदास, सचिन यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## सामाजिक कार्यकर्ता सह पत्रकार खेती कर निवाया अपना नैतिक जिम्मेवारी, लोगो को दिया खेती करने का संदेश

### बरही क्षेत्र को सुखाड़ घोषित करवाने का जिला प्रशासन से किया अपील





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही के सक्रिय समाजिक कार्यकर्ता सह पत्रकार अजय कुमार शनिवार को अपने पैतृक गांव कोरियाडीह में धान का रोपा कर क्षेत्रवासियों को खेती करने का संदेश दिया, साथ ही जिला प्रशासन से अपील किया कि इस बार झारखण्ड के कुछ जिलों को छोड़ कर सभी जिलों में न्यूनतम बारिश हुई है जिससे किसान न तो बुआई कर सके हैं और नाही रोपा कर पा रहे हैं, इससे में उनकी माली स्थिति दयनीय हो गई है, उनके समक्ष्य भुखमरी की स्थिति उत्पन हो गई है, जिसके लिए जिला प्रशासन बरही सहित समस्त जिला को सुखाड़ घोषित करवाते हुए किसानों को आर्थिक सहायता मुहैया कराए जिससे उनका जीवन यापन हो सके। उन्होंने किसानों को संदेश देते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास कार्य का आधार कृषि है जब भी जहा भी संभव हो खेती का कार्य आवश्यक करे। खेती को अपनी नैतिक जिम्मेवारी के रूप में ले क्योंकि बिना खेती के कोई भी विकास कार्य संभव नही है, हम चाहे जिस दौर में पहुच जाए विज्ञान कितना भी आधुनिकता का विस्तार कर दे अंत मे हम इंसानों को जीवन जीने के लिए अनाज की ही आवश्यकता होगी। इसलिए खेती आवश्यक करे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मोहर्रम त्यौहार को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज दिनांक 30.07.022 को समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त की अध्यक्षता मे मोहर्रम में विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया । बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक गिरिडीह ने ने कहा सिविल सोसाइटी के अनुसार संभवत 9 अगस्त को मो. हर्रम का पर्व मनाया जाएगा जाएगा स जिला में कोरोना के मामले फिर से बढ़ रहे हैं कुछ नई बीमारियों की भी सूचना है थाना प्रभारी स्टेकहोल्डर्स की बैठक मैं इन सब की भी चर्चा अवश्य हो । पुलिस अधीक्षक ने कहा की अनेक राज्यों एवं जिलों मैं तनावपूर्ण घटनाएं घटी है इस प्रकार के मामलों में कुछ लोग ही उपद्रवी होते हैं आवश्यकता है ऐसे ला. ेगों की कड़ी निगरानी की जाए एवं उन पर कार्रवाई अवश्य की जाए । निरोधात्मक कार्रवाई भी सभी थाना प्रभारी करना सुनिश्चित करेंगे 107 147 के मामलों के वांछित अपराधियों पर विधिवत कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे ।

सभी अखाड़े चाहे वह ला. इसेंसी हो या गैर लाइसेंसी सभी की सूचना रखेंगे बगैर अनुमति के कोई भी जुलूस नहीं निकलेगा अखाड़ों के अध्यक्ष सचिव आदि का नाम एवं नंबर रखेंगे उनसे अंडरटेकिंग लेंगे की किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर उनको उत्तरदाई माना जाएगा । अखाड़ों का रास्ता निर्धारित रहेगा एवं अखाड़े उसी निर्धारित रास्ते पर चलेंगे सभी सभी अखाड़ों के रूट का वेरिफिकेशन थाना प्रभारी प्रखंड विकास पदा. धिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अनुमंडल अनुमंडलअधिक. ारी द्वारा किया जाएगा । रूट वेरीफिकेशन करते समय संबंधित पदाधिकारी ड्रोन भी साथ रखेंगे सभी संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी लगाया जाएगा तथा बैरिकेडिंग भी कराई जाएगी । शांति समिति की बैठक थाना बार हो उसमें सभी स्टेकहोल्डर्स एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी बुलाया जाए वहां के युवा वर्ग को भी शांति समिति में बुलाया जाए शांति समिति में रखे गए मामला एवं समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई हो एवं इसका समाधान किया जाए ।डीजे संचालकों के साथ भी बैठक करें एवं उनसे भी अंडरटेकिंग ले की कोई भी भड़काऊ गीत नहीं बजाएंगे अन्यथा किसी भी प्रकार के उपद्रव होने पर उनको भी जिम्मेदार माना जाएगा ।

सभी थाना प्रभारी सोशल मीडिया यथा फेसबुक पेज व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन के साथ बैठक कर लेंगे एवं उन्हें बताएंगे की सोशल मीडिया में संप्रदायिक या तनावपूर्ण पोस्ट नहीं करेंगे अन्यथा ग्रुप एडमिन एवं पोस्ट करने वाले सदस्य पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

पुलिस अधीक्षक ने कहा की क्वार्यूटी टीम का भी गठन होगा जोकि जो कि किसी भी आपातकालीन स्थिति पर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति पर नियंत्रण करेगी ।

पुलिस अधीक्षक ने कहा जुलूस में लाइट माउंटेड वाहन भी रहेंगे ताकि जुलूस के पर्यवेक्षण में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो । सभी धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश पदाधिक. ारियों को दिया गया एवं एवं निर्देश दिया गया की गश्ती दल इस पर विशेष तौर पर सजग एवं सावधान रहेगा । पुलिस अधीक्षक ने अधीक्षक ने कहा अवैध शराब स्थानों पर नियमित रूप से सघन छापामारी की जाए बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिक. ारियों ने बताया कि उनके द्वारा 107 के मामलों पर पर कार्रवाई की जा रही है साथ ही सभी संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी जा रही हैस

सभी प्रखंड विकास पदा. धिकारी एवं थाना प्रभारी के द्वारा बताया गया की उनके द्वारा सभी संवेदनशील मामलों एवं समस्याओं को चिन्हित करते हुए सजगता रखी जा रही है सपुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि अवैध पशु तस्करी पर विशेष निगरानी रखेंगे एवं अगर अवैध तस्करी पाया गया तो संबंधित थाना प्रभारी पर कार्रवाई होगी । उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी थाना प्रभारी अपने – अपने क्षेत्र में सभी संवे. दनशील स्थानों पर चौ. कीदार पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करेंगे ।

मोहर्रम 2022 के अवसर पर जिला स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया जाए स सभी अनुमंडल पदाधिक. ारी के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गिरिडीह जिला में विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु उत्तरदायी होंगे स अनुमंडल स्तर पर शांति समिति का गठन कर शांति बनाए रखने हेतु शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक करना सु. निश्चित करेंगे ।

संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने अपने अधीनस्थ थाना में गतिशील रहकर विधि व्यवस्था संधारण करेंगे । सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि मोहर्रम पर्व के अवसर पर सभी रेफरल अस्पताल / सभी प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य केंद्र / स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला स्थित सदर अस्पताल मैं डॉक्टर नर्स एवं अन्य चिकित्सीय कर्मी की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे स इसके साथ ही यथोचित मात्रा में दवा भी संबंधित अस्पतालों में उपलब्ध कराएंगे तथा जिला नियंत्रण कक्ष एवं अनुमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्ष में आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था करेंगे ।किसी प्रकार की तनाव की स्थिति उत्पन्न होने पर संबंधित अनुमंडल पदाधिक. ारी द्वारा धारा 144 /107 सीआरपीसी द्वारा प्रतिबंध की कार्रवाई की जाए एवं शांति भंग करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए स कर्तव्य हीनता के दोषी दंडाधिकारी / पुलिस पदा. धिकारी पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी । अधीक्षक उत्पाद गिरिडीह जिले में शराब की दुकानों को मोहर्रम में बंद करने का आदेश अपने अस्तर से निर्गत करेंगे ।

उप नगर आयुक्त नगर निगम गिरिडीह को निर्देश दिया जाता है कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों में साफ सफाई एवं पेयजलआपूर्ति करवाना सु. निश्चित करेंगे ।

सभी थाना प्रभारी अपने–अपने क्षेत्रों में प्रति. बंधित जानवरों का आवागमन पर विशेष निगरानी रखेंगे एवं सघन जांच तथा यातायात नियमों नियमों का सख्ती से पालन करेंगे स पुलिस पदाधिकारी का कर्तव्य है कि संपूर्ण थाना क्षेत्र में निगरानी रखेंगे और यदि किसी स्थान पर व्यवस्था भांग होने की सूचना प्राप्त हो तो तुरंत उस पर नियंत्रण पाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे ।

मोहर्रम के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थाना प्रभारी एवं प्रखंड पदाधिकारी गिरिडीह सभी संवेदनशील स्थानों का दौरा करेंगे और हर हालत में शांति समिति की बैठक जिसमें दोनों समुदाय के लोग उपस्थित रहेंगे स आदि किसी भी व्यक्ति द्वारा शांति भंग या दोनों समुदाय अशांति फैलाने की कोशिश की जाती है तब उसके विरोध सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे ।

सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट नहीं हो इस बिंदु पर सतत निगरानी किया जाना है स प्राय रू यह भी पाया जाता है कि परब त्यौहार के अवसर पर व्हाट्सएप फेसबुक एवं अन्य मीडिया पर गलत भ्रमण एवं अफवाह फैलाई जाते हैं जो कभी–कभी भायावह रूप ले लेती है स अतः सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेषित समाचारों में पर पैनी निगाह रखना जरूरी है अनुमंडल पदाधिकारी / सभी अनुमंडल पुलिस पदा. धिकारी/ प्रखंड विकास पदा. धिकारी इस पर कड़ी नजर रखेंगे स उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी थाना प्रभारी अपने – अपने क्षेत्र में सभी संवेदनशील स्थानों पर चौकीदार पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करेंगे । मोहर्रम 2022 के अवसर पर जिला स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया जाए । सभी अनुमंडल पदाधिक. ारी के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गिरिडीह जिला में विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु उत्तरदायी होंगे स अनुमंडल स्तर पर शांति समिति का गठन कर शांति बनाए रखने हेतु शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक करना सु. निश्चित करेंगे ।सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि मोहर्रम पर्व के अवसर पर सभी रेफरल अस्पताल / सभी प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य केंद्र / स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला स्थित सदर अस्पताल मैं ड०क्टर नर्स एवं अन्य चिकि. कत्सीय कर्मी की उपल. ब्धता सुनिश्चित करेंगे स इसके साथ ही यथोचित मात्रा में दवा भी संबंधित अस्पतालों में उपलब्ध कराएंगे तथा जिला नियंत्रण कक्ष एवं अनुमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्ष में आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था करेंगे स किसी प्रकार की तनाव की स्थिति उत्पन्न होने पर संबंधित अनुमंडल पदाधिक. ारी द्वारा धारा 144 /107 सीआरपीसी द्वारा प्रतिबंध की कार्रवाई की जाए एवं शांति भंग करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए स कर्तव्य हीनता के दोषी दंडाधिकारी / पुलिस पदा. धिकारी पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी ।

अधीक्षक उत्पाद गिरिडीह जिले में शराब की दुकानों को मोहर्रम में बंद करने का आदेश अपने अस्तर से निर्गत करेंगे ।

उप नगर आयुक्त नगर निगम गिरिडीह को निर्देश दिया जाता है कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों में साफ सफाई एवं पेयजलआपूर्ति करवाना सु. निश्चित करेंगे ।

सभी थाना प्रभारी अपने–अपने क्षेत्रों में प्रति. बंधित जानवरों का आवागमन पर विशेष निगरानी रखेंगे एवं सघन जांच तथा यातायात नियमों नियमों का सख्ती से पालन करेंगे स पुलिस पदाधिकारी का कर्तव्य है कि संपूर्ण थाना क्षेत्र में निगरानी रखेंगे और यदि किसी स्थान पर व्यवस्था भांग होने की सूचना प्राप्त हो तो तुरंत उस पर नियंत्रण पाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे ।

मोहर्रम के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थाना प्रभारी एवं प्रखंड पदाधिकारी गिरिडीह सभी संवेदनशील स्थानों का दौरा करेंगे और हर हालत में शांति समिति की बैठक जिसमें दोनों समुदाय के लोग उपस्थित रहेंगे । आदि किसी भी व्यक्ति द्वारा शांति भंग या दोनों समुदाय अशांति फैलाने की कोशिश की जाती है तब उसके विरोध सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे ।

सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट नहीं हो इस बिंदु पर सतत निगरानी किया जाना है । प्राय रू यह भी पाया जाता है कि परब त्यौहार के अवसर पर व्हाट्सएप फेसबुक एवं अन्य मीडिया पर गलत भ्रमण एवं अफवाह फैलाई जाते हैं जो कभी–कभी भायावह रूप ले लेती है । अतः सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेषित समाचारों में पर पैनी निगाह रखना जरूरी है ।

बैठक में पुलिस अधीक्षक उप विकास आयुक्त अपर समाहर्ता अपर समाहर्ता निर्देशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभी अनुमंडल पदाधिकारी सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सभी प्रखंड विकास पदा. धिकारी सभी अंचलाधिकारी सभी थाना प्रभारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## गिरिडीह यूवा कांग्रेस कमिटी ने भाजपा केन्द्रीय मंत्री का पुतला फूंका

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज शनिवार 30जुलाई को गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो हसनैन अली के नेतृत्व में शहर के गांधी चौक स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी से किया गया दुर्व्यवहार के खिलाफ आज भाजपा की केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी जी का पुतला दहन किया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया नारेबाजी की गई। इस संदर्भ में जिला अध्यक्ष मो हसनैन अली ने कहा कि मोदी सरकार लगातार हमारे नेताओं को बेवजह परेशान करने का काम कर रही है कभी ईडी का दुरुपयोग करते हुए तो कभी भाजपा के नेताओं द्वारा अनर्गल बयान देकर हमारे नेताओं की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है पिछले दिनों में संसद भवन के अंदर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के द्वारा कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी के साथ जिस तरह से दुर्व्यवहार किया गया है जिसका हम लोग कड़ी शब्दों में विरोध करते हैं और मोदी सरकार से यह मांग करते हैं कि हमारे नेताओं को बेवजह परेशान करना बंद करें अन्यथा गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस लगातार विरोध करने का काम करेगी ! मौके पर गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के जिला महासचिव पुरुषोत्तम चौधरी, साकिब अहमद, आईटी सेल के जिला संयोजक सोनू खान, जिला सोशल मीडिया प्रभारी बिलाल अहमद ,जमुआ प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मेहश्वर इमाम, जमुआ विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अहमद रजा नूरी, जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव निजाम अंसारी, जमुआ विधानसभा युवा कांग्रेस के गोपाल कुमार राम , जमुआ प्रखंड कांग्रेस कमेटी के संतोष कुमार , शब्बीर अंसारी , विक्की दास, मो इमरान , मो दाऊद, सूरज कुमार समेत गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ता मौजूद थे !

## जिप सदस्य के प्रयास से मिला ट्रांसफार्मर

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा –प्रखड के जिला परिषद सदस्य सविता सिंह के प्रयास से चलकुशा प्रखंड के खरगु पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 5 हरिजन टोला 100 केवीए का ट्रांसफर दिया गया। विगत 1 सप्ताह से ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे। वही विद्यार्थियों को बिजली नहीं रहने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। जिसकी सूचना मिलते ही जिप सदस्य सविता सिंह ने संज्ञान लेकर संबंधित वरीय पदाधिकारी को सूचना दी। ट्रांसफार्मर मिलने पर हरिजन टोला के ग्रामीण और विद्यार्थियों ने सविता सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। उसके बाद ग्रामीणों के द्वारा विधिवत फीता काटकर और नारियल फोड़कर ट्रांसफार्मर को चालू किया गया। जीप संदेश ने कही की चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में कहीं भी ट्रांसफार्मर खराब हो तो इसकी सूचना तुरंत हमें दें, शीघ्र समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगी। इस कार्यक्रम में त्रिवेणी रविदास शंभू मोदी भुनेश्वर राणा शरीफ अंसारी भागीरथ मोदी समेत अन्य ग्रामीण और विद्यार्थी मौजूद थे।

## डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति का बैठक

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति के तत्वाधान में एक आम सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संरक्षक मंडल के सदस्य भरत नारायण मेहता ने की एवं संचालन महासचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया। आम सभा में डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति के द्वारा मांग की जा रही बेतहाशा होल्डिंग टैक्स वृद्धि को समाप्त करने, रोजगार की व्यवस्था बहाल करने अन्यथा नगर पंचायत को भंग करने, पेयजल एवं सिंचाई के लिए कुपाय नाला में एक बड़ा सा जलाशय का निर्माण करने और ष्महेशपुर ह०ल्टष को ष्महेशपुर स्टेशनष में तब्दील करने की मांग को लेकर समर्थन प्राप्त किया। आम सभा को समिति के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मेहता, उपाध्यक्ष मनोज रजक, उपाध्यक्ष बसंत कुमार मेहता, सचिव सुनील कुमार सिन्हा, सचिव शिव कुमार मेहता, संरक्षक वीरेंद्र कुशवाहा, संरक्षक चौधरी राम, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुभाष साव, कार्यकारिणी सदस्य त्रिलोचन मेहता, मोहन साव, पवन गोस्वामी, मुकेश पाण्डेय, विकास साव,अजय साव आदि सभा को संबोधित किया और जनता से समर्थन की मांग की और वार्ड नंबर 04 के जनता से आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। आम सभा में देव नारायण यादव, मणिलाल मेहता, दीपक कुमार साव, किशोर साव, सुभाष साहू, हिमांशु कुमार, वीरेंद्र कराटे, जवाहर साव, मनीष कुमार, अजय पांडेय, उपेन्द्र पाण्डेय, धीरज मोदी, सोनू कुमार पांडेय, गिरधारी पांडेय, बाल, गोविंद पांडेय, प्रकाश राम, राजेश कुमार, सतीश कुमार, शत्रुघ्न सरैया, अर. विंद पांडेय, मोहम्मद जावेद, सत्येंद्र कुमार, प्रदीप राम, अनिल पटनिया, ओम प्रकाश दास, इंद्रदेव दास, मोतीलाल साव, गणेश गोस्वामी, टिंकू वर्मा, चंद्रदेव साव, भोला साव आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए।



## घरसरी पहुँचे पूर्व विधायक व प्रमुख, व्रजपात से मृतक महिला के परिजन से मिलकर दिया सांत्वना

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बीते दिनों भगहर पंचायत के घरसरी में व्रजपात से एक महिला की मौत व एक महिला घायल हो गई थी। घटना की सूचना पाकर पीड़ित परिवार से मिलने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव आदि पहुँचे घरसरी। घटना के प्रति गहरी सवेदना प्रकट करते हुए पूर्व विधायक ने कहा ये आकस्मिक घटना है। पीड़ित परिवार के साथ मेरी पूरी सवेदना है। इस दौरान पूर्व विधायक ने मृतक रजंती देवी के पति इंद्रदेव भुइयाँ को आर्थिक सहयोग देकर भविष्य में हर सभव मदद का भरोशा दिया। वही घायल अनिता देवी पति सुरेंद्र भुइयाँ के बारे में जानकारी लेकर मदद का भरोसा दिया। प्रमुख पूर्णिमा देवी ने प्रखण्ड वासियो से अपील किया कि बरसात के दौरान सुरक्षित स्थान पर शरण ले। तेज बारिश में पेड़ के नीचे नही रुके। आपदा नियमो का पालन करें व जीवन सुरक्षित रखे। अर्जुन साव ने कहा कि सांसद जयन्त सिन्हा जी से वार्ता करसरकारी लाभ दिलवाने के प्रयाश करेंगे। मौके पर स्थानीय मुखिया कृष्णा रविदास, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, भाजपा नेता राजदेव यादव, भगहर मुखिया प्रतिनिधि पहलवान उर्फ भुनेश्वर यादव, समाजसेवी महेश भुइयाँ, चोहान भुइयाँ, वार्ड सदस्य गज्जू भुइयाँ, रामस्वरुप भुइयाँ, नरेश भुइयाँ, धन्नी भुइयाँ, संतोष रविदास, कुलेश्वर भुंइयाँ, नागों भुइयाँ, मो असलम अंसारी, अशोक भुइयाँ,

## बिजली की समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता से मिले आजसू नेता तिवारी महतो

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



अधीक्षण अभियंता से मिलकर समस्याओं को रखते आजसू नेता तिवारी महतो

विष्णुगढ़ में विद्युत आपूर्ति की समस्याओं को लेकर आजसू पार्टी के मांडू विस प्रभारी तिवारी महतो शनिवार को अधीक्षण अभियंता से मिले। उन्होंने प्रखंड की बिजली समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कहा कि इस वर्ष समय से बारिश नहीं होने पर असमय बिजली कटौती से विष्णुगढ़ क्षेत्र के लोग गर्मी से परेशान हैं। इसके अलावा किसान खेतों में सिंचाई के लिए चिंतित हैं। अगर किसानों को नियमित एवं निर्बाध बिजली मिलती है तो फसल के लिए सिंचाई संभव हो पाएगा। वहीं, क्षेत्र के बिजली के जर्जर तारों एवं खम्भों को भी उन्होंने अविलंब बदलने की मांग की। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष रूपेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

## पंचायत समिति की बैठक, उठा कई सवाल,

### ,मुख्यालय में रहकर जन समस्या का समाधान करें सरकारीकर्मी – प्रमुख

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण – प्रखण्ड के सभागार भवन में पंचायत समिति की बैठक शनिवार को हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख पूर्णिमा देवी ने किया। बैठक में देर से मुख्यालय आना और जल्दी जाने की बात उठी।बैठक के माध्यम से सभी अधिकारी कर्मचारियों को मुख्यालय में रहकर जन समस्या का समाधन करने का निर्देश दिया गया।मुख्यालय में पंसस के लिए एक स्पेशल कार्यालय खुलवाने की मांग रखी गयी.जहां पंसस बैठकर जनता का काम कर सके।जाती आया आवासीय एलपीसी एवं दाखि़लखर्जी में सम्बंधित अधिकारियों द्वारा अवैध रूप से रिश्वत लिया जा रहा है, नही देने वालों को छोटी छोटी काम के लिए महीनों भर कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है, एनकेन प्रकरण बताकर उसके कार्य नही होते है। बैठक में उप प्रमुख प्रीति कुमारी गुप्ता, बीडीओ प्रेमचंद कुमार सिन्हा, डॉ के एन सिंह, डॉ रविकांत पांडेय, बीपीओ गोपाल प्रसाद, एमओ भूपनाथ महतों, स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार, सीआई त्रिभुवन प्रसाद, अभिषेक प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चन्द्रवंसी, मुकुन्द साव, विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, जनार्दन सिंह,नरेश पांडेय,विजय मधेशिय,सहदेव यादव,सुरेंद्र रजक,युगल ठाकुर सहित कई लोग शामिल थे.

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा नयाटांड़ पंचायत पैक्स में शिविर लगाकर सदस्यों को जोड़ा गया

### किसान पैक्स का सदस्य बनकर लाभ उठाएं : लीलावती देवी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : नयाटांड़ पंचायत भवन में नयाटांड़ पैक्स में सहकारिता विभाग के जन जागरण अभियान के तहत सदस्यता वृद्धि अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत की मुखिया लीलावती देवी एवं संचालन पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम ने किया।मौके पर उपस्थित मुखिया लीलावती देवी ने किसानों से पैक्स का सदस्य बनकर संबंधित संचालित योजना का लाभ उठाने की अपील की ।

कहा कि किसानों की सुविधा को लेकर पंचायत में सदस्यता वृद्धि अभियान चलाया जा रहा है। किसान को मात्र 10 सदस्यता शुल्क देकर सदस्य बन सकते हैं। शिविर में लगभग 200 किसानों को सदस्यता फार्म भरवाई गई और यह निरंतर आगे भी जारी रहेगा ।वहीं पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम ने कहा कि पैक्स का सदस्य बनने में कोई अड़चन नहीं है विभाग शिविर आयोजित कर सदस्य बनाने का काम कर रही है ।मौके पर मुख्य रूप से मुखिया लीलावती देवी, पंसस प्रभु राम , मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, बीसीओ मुरलीधर बीरुवा, वार्ड सदस्य की किटन भुईयां, बंधु प्रजापति , नारायण महतो, विजय कुमार दास ,मुंदिरका सिंह, गीता देवी, अनीता देवी, सरिता देवी ,सुधीर प्रसाद, दिलीप प्रसाद, बबलू यादव, सतीश कुमार दास ,विष्णु दयाल कुमार ,राकेश प्रसाद, योगेंद्र कुमार, दीपक कुमार नायक, सुनील कुमार नायक, अली हसन एवं केसर सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग पर कोवाड़ के ग्रामीणों ने की बैठक

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने को लेकर आज सदर प्रखंड के कोवाड़ (वार्ड नंबर 10) के ग्रामीणों ने एक बैठक की, जिसकी अगुवाई वार्ड सदस्य पंकज वर्मा तथा किसान महासभा के पंचायत प्रभारी कार्तिक वर्मा ने करते हुए इस साल बारिश की खराब स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए, सरकार से तत्काल ही सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य शुरू करने की मांग की। बैठक में मौजूद भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, किसानों को संगठित होकर श्सुखाड़ क्षेत्र घोषित करो आंदोलनश को आगे बढ़ाना होगा। कहा कि, सुखाड़ से किसानों की कमर टूट गई है। सरकार तत्काल इसका संज्ञान लेकर सुखाड़ क्षेत्र घोषित करते हुए राहत कार्य शुरू करे। साथ ही, खेती–बारी पर निर्भर होकर इन दिनों रोजगार पाने वाले ग्रामीण मजदूरों की स्थिति भी बदतर है। उनके लिए 600 प्रतिदिन मजदूरी निर्धारित कर सरकार को योजनाएं शुरू करनी चाहिए। किसानों सहित सभी गरीब परिवारों का बकाया बिजली बिल तथा ग्रामीण महिलाओं द्वारा विषम परिस्थितियों में महिला ग्रुपों से लिए गए लोन भी माफ करने की मांग श्री यादव ने की। उन्होंने मौजूद किसान परिवारों से अखिल भारतीय किसान महासभा का सदस्य बनने की अपील करते हुए कहा कि, संगठन बनाकर ही हम किसानों के हक की लड़ाई आगे बढ़ा सकते हैं। कहा कि, एमएसपी कानून लागू करना जरूरी है। सभी किसानों को क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराया जाना चाहिए। किसानों की जरूरत के अनुसार सरकारी कूप/तालाब की अधिकाधिक व्यवस्था करनी जरूरी है। मौके पर पंकज वर्मा, कार्तिक वर्मा, वजीर महतो, भातु महतो, अर्जुन वर्मा, दशरथ कुशवाहा, अनुज कुमार, राजु कुमार, अजय कुमार, अशोक कुमार, पवन कुमार, रामचन्द्र दास, रवि महतो, रघु कोड़ा, देवानी महतो, पियारी महतो, बिहारी महतो, खेमिया देवी, सुदामा देवी, सीता देवी, यशोदा देवी, प्रमिला देवी, रेखा देवी, संजू देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## अभाविप ने यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में किया पौधारोपण

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा आज यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज हजारीबाग में वृक्षारोपण किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के देश वयापी पौधा रोपण अभियान के तहत हजारीबाग के विभिन्न महाविद्यालयों के बाद आज हजारीबाग यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज इकाई के द्वारा भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे फलदार पौधों के साथ साथ कई औषधीय पौधों को लगाया गया। मौके पर नगर मंत्री प्रभात कुमार ने कहा की आज के समय में पौधा लगाना बहुत ही आवश्यक है तभी हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा,पौधारोपण जीवन के लिए और जीवन वतन के लिएश्श ध्येय वाक्य को लेकर कार्य कर रहे विद्यार्थी परिषद ने इस अभियान को जन जन का अभियान बनाया है। मौके मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सत्रुघ्न पाण्डेय, प्राचार्य डॉ जयदीप सान्याल, नगर मंत्री प्रभात कुमार, प्रोफेसर डॉ लक्ष्मी,प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बाबूलाल मेहता, लॉ कॉलेज इकाई अध्यक्ष रुद्र राज सह मंत्री प्रकाश भारद्वाज,सह मंत्री शुभ सिंह,शेखर शर्मा ,आदर्श श्रीवास्तव, यशवंत पाण्डेय,मोहन राणा, हिमांशु सिंह, दिलकश हुसैन,तुसार सिन्हा, सत्यम कुमार, राजदीप यादव, विनय शील, संतोष यादव, विवेक यादव, पवन कुमार,हँसराज,राहुल,पीयूष,रजन, संदीप शर्मा, अभिषेक,अंजली पांडेय, नारगीश शाहीन, सौम्या सिंह एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## निर्माणाधीन सूर्य मंदिर गर्भगृह के गुम्बद की हुई पूजा अर्चना

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



सूर्य मंदिर गुम्बद की पूजा अर्चना करते मंदिर कमेटी के लोग

विष्णुगढ़ के उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी में करीब सवा दो करोड़ की लागत से बन रहे सूर्य मंदिर गर्भगृह के गुम्बद का निर्माण कार्य शनिवार को पूर्ण हो गया। कार्य पूर्ण होने से पूर्व कमेटी के सदस्यों ने विधिवत पूजा अर्चना कर नवरत्न, फल, पुष्प आदि कलश में रखकर गुम्बद में स्थापित किया। इसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। बता दें कि विष्णुगढ़ इलाके का इस अनोखे सूर्य मंदिर का निर्माण सार्वजनिक सूर्य मंदिर कमेटी के सदस्यों की देखरेख में आमजनों के सहयोग से की जा रही है। मंदिर की लागत में अब तक एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च हो चुकी है। कमेटी का मकसद इस स्थल को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। मंदिर का निर्माण पूर्ण होने के पश्चात यहां की मनोरम वादियों को भी विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। मंदिर के आसपास पार्क, मेडिटेशन सेंटर, पक्की सड़क तथा विद्युत सज्जा की व्यवस्था भी की जाएगी। श्रद्धालु एवं घूमने आने वाले लोगों की सुविधा के लिए कई तरह की तैयारियां की जा रही है। नदी के सीढ़ीनुमा घाटों का भी पक्कीकरण कराया जा रहा है। गुम्बद की पूजा अर्चना में रामेश्वर सिंह, आनंद राम, गिरजा साव, त्रिवेणी प्रसाद, नवलकिशोर वर्मा, राजेन्द्र सिंह, प्रयाग प्रसाद सोनी, सुरेश भगत, युगल स्वर्णकार, महादेव वैध, जगदीश प्रसाद बर्मन आदि शामिल हुए।

## बड़कागांव बसरिया टोला में विधायक अंबा प्रसाद ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के बसरिया टोला में 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से लगाया गया। जिसका उद्घाटन शनिवार को विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि जैसे ही सूचना मिली की यहां का ट्रांसफार्मर जल गया है, तुरंत विभाग को फोन कर नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया था। मंगलवार को विधायक के प्रयास से ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया । उद्घाटन पूर्व ग्रामीणों ने अंबा प्रसाद का फूल माला पहनाकर जोरदार तरीके से स्वागत किया एवं विधायक का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने विधायक को स्थानीय जनसमस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि गांव पेयजल एवं सड़क की समस्या दूर होगी वहीं उन्होंने विधानसभा क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि कहीं भी बिजली संबंधित व ट्रांसफार्मर जलने की घटना होती है तो वह उनकी सूचना हम तक पहुंचाएं, उनके सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगाद्य मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश महतो, मनोज पासवान,लक्ष्मण विश्वकर्मा, अनु विश्वकर्मा, मिथुन पासवान, यदुवीर सोनी समेत भारी संख्या में महिला–पुरुष मौजूद रहे।

## बिजली विभाग ने 55 बिजली बिल बकायेदारों की बिजली कनेक्शन काटी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव एवं केरेडारी बिजली विभाग के कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग ने बड़कागांव प्रखंड एवं केरेडारी प्रखंड के 55 बिजली बिल बकायेदारों की बिजली कनेक्शन काटी गई। उक्त मामले को लेकर कनीय अभियंता सत्य देव कुमार ने बताया कि बड़कागांव मुख्य चौक पर 19 , बादम में 21 एवं केरेडारी पुरनी बेटों में 15 बिजली बिल बकायेदारों की बिजली कनेक्शन काटी गई है। जिन बकायेदारों की बिजली कनेक्शन काटी गई है उनमें मुख्य रूप से डुलू साव 31000 , अशोक कुमार कुशवाहा 22546, विकास कुमार 60000, किरण कुमार 25941, अंबरी खातून 12240 , अंजनी देवी 36600 बाजो राणा 16813 के अलावा अन्य लोगों पर बिजली बिल बकाया है। कनीय अभियंता ने आगे बताया कि जिन लोगों के पास बकाया राशि है जल्द से जल्द जमा करें अन्यथा नियम संगत कार्रवाई सु. निश्चित की जाएगी। करवाई में मौके पर उपस्थित बिजली कर्मियों में मुख्य रूप से राहुल कुमार , नरसिंह सोनी रोहित सोनी, सूरज कुमार के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## गिरीडीह जिला तैलिक साहू सभा(महिला प्रकोष्ठ) ने सावन महोत्सव आयोजन किया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज दिनांक 30 जुलाई 2022 को गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा महिला प्रकोष्ठ के द्वारा साहू समाज भवन हुट्टी बाजार गिरिडीह में श्रावण महोत्सव कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रभारी अध्यक्ष श्रीमती सुचिता देवी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष श्री बाल गो. विंद साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री उमा चरण प्रसाद साहू एवं अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू महासचिव धर्म प्रकाश कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता अरुण प्रसाद साहू नगर अध्यक्ष श्री सत्य प्रकाश साहा, कार्य समिति सदस्य सुरेश साहू अजय साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि, महिला अध्यक्षा, महासचिव, उपाध्यक्ष तथा सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। वक्ताओं के द्वारा सावन महोत्सव के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष का सबसे पावन माह श्रावण माह होता है। इस माह धरती भरा रहता है तथा उल्लास पूर्ण वातावरण छायी रहती हैं। इस माह में भगवान शिव की आराधना और पूजा में महिलाएं लीन रहती है। नृत्य, चित्रांकन एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों का चयन निर्णायक मंडली द्वारा किया गया। निर्णायक मंडली में प्रो इन्दू कुमारी, विनीता साहा, मीरा देवी ,मधु देवी कमला देवी तथा सुचिता देवी थीं। नृत्य प्रतियोगिता सोनी कुमारी, सुरुचि साहा, रानी कुमारी , चित्रांकन प्रतियोगिता शिल्पी साहू,विभा प्रकाश, सुष्मिता साहू एवं मेहंदी प्रतियोगिता डोली कुमारी ,आरती कुमारी, रुबी कुमारी के निर्देशन में आयोजित की गई। मंच संचालन माधुरी गुप्ता तथा रजनी कुमारी ने किया। नृत्य प्रतियोगिता में सान्वी रोशन प्रथम, आराध्या आनंद द्वितीय एवं अमीषा तृतीय स्थान प्राप्त की। चित्रांकन प्रतियो. गिता में आस्था गुप्ता तथा सिद्धार्थ साहा प्रथम, परी रानी तथा अभी श्री द्वितीय ,आशी आनंद तथा रियार्थ गुप्ता तृतीय स्थान प्राप्त की। मेहंदी प्रतियोगिता में मोनिका गुप्ता प्रथम, परी रानी द्वितीय एवं निधि रानी तृतीय स्थान प्राप्त की।

विजेता प्रतिभागियों को जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू, महासचिव धर्म प्रकाश ,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उमा चरण साहू, उपाध्यक्ष संजय साहू तथा महिला प्रकोष्ठ प्रभारी अध्यक्षा द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुनीता देवी डोली रानी रुबी कुमारी शिल्पा कुमारी सोनी कुमारी खुशबू कुमारी आरती देवी जयंती देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं तैलिक साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

## बाल विवाह रोकथाम हेतु गोष्टी का आयोजन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज दिनांक 30.07.022 को जिला समाज कल्याण विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त तत्वाधान में गिरिडीह जिला अंतर्गत गांवा प्रखंड के पटना पंचायत भवन में तथा जमुआ कस्तूरबा विद्यालय में बाल विवाह, बाल व्यापार, कुपोषण, डायन प्रथा तथा घरेलू हिंसा आदि विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । उक्त कार्यशाला में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मुख्य अतिथि बतौर पर थी स जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा बाल विवाह कुपोषण डायन प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों से उपस्थित एसएचजी ग्रुप की महिलाओं तथा सेविका , सहायिका तथा उपस्थित सभी महिलाओं को अवगत कराया । सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी सामाजिक कुरीतियां जैसे बाल विवाह, ठगी विवाह आदि विषयों पर चर्चा की स यूनिसेफ से अरविंद जी ने कहा की जिले में कुपोषित बच्चों को नजदीकी सेंटर में नामांकित कराते हुए बेहतर स्वास्थ सुधार हेतु लाने को कहा गया स एनीमिया उन्मूलन अभियान के तहत हिमोग्लोबिन जांच भी किया गया एवं आईरन गोली का वितरण किया गया , सभी ग्रुप के महिला का एनीमिया जांच कराया गया ताकि एनीमिया मुक्त भारत बनाया जा सके ।

जिला बाल संरक्षण के संरक्षण पदाधिकारी ने बाल विवाह तथा ठगी विवाह पर लोगों का जागरूकता की बात की स बाल विवाह से बच्चों की मानसिक और शारीरिक तौर पर गहरा असर होता है तथा महिलाओं से घरेलू हिंसा का भी जिक्र किया गया स चाइल्डलाइन ने बच्चों को कोई समस्या के लिए 1096 टोल फ्री नंबर को याद कराया गया स इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनजीओ से सदस्य टीम चाइल्ड लाइन सदस्य टीम जेएसएलपीएस के एसएचजी ग्रुप सदस्य आंगनबाड़ी के सेविका , सहायिका तथा कस्तूरबा विद्यालय में कस्तूरबा की छात्राएँ उपस्थित थी ।

